Need to construct a railway line between Jhargram and Purulia in West Bengal.-laid

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) **:** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र से सम्बंधित एक अतिमहत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र के नागरिकों की एक बहुत पुरानी एवं महत्वपूर्ण मांग है. जो अभी तक पूरी नहीं हो पाई है । इस क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से झारग्राम और पुरुलिया के बीच एक नई रेल लाइन की मांग कर रहे हैं जो मेरे संसदीय क्षेत्र के कुछ प्रमुख स्थान जैसे चाडिल निमडी, बोडाम, पटमदा,कटींन, और बंधवान को जोड़ सके | यह क्षेत्र आज भी बेहतर परिवहन सुविधा की कमी से जूझ रहा है और यह रेल लाइन स्थापित होने से लोगों को यात्रा करने में अत्यधिक सुविधा होगी । इस प्रस्तावित रेल मार्ग के निर्माण से क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी समृद्धि आएगी । अत:, मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि कृपया इस अत्यत महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र विचार करे और झारग्राम और पुरुलिया के बीच नई रेल लाइन के निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने की कृपा करें ।